हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 जनवरी 2024

09 पंचायत मंत्री ने टोहाना शहर में जलघरों का किया निरीक्षण



10 जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पूछे तीखे सवाल ...





## खबर संक्षेप

### जान मारने की धमकी देने के आरोप में केस

**सिरसा।** शहर के हुडा सेक्टर-20 पार्ट-2 निवासी एक महिला ने नई दिल्ली निवासी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी व गाली-गलौज करने के आरोप में हुडा चौकी में शिकायत दी है। महिला प्रदीप कुमार ने बताया कि जितेंद्र धालीवाल निवासी एफ 49, जीवन पार्क उत्तम नगर नई दिल्ली ने मेरे दामाद व बेटी को बिजनेस दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की। पूछने पर जान से मारने की धमकी दी।

### छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप बारे किया जागरुक

**सिरसा।** जिला महिला थाना प्रभारी घनश्याम देवी के नेतृत्व में महिला थाना की दुर्गा शक्ति की पुलिस टीमों ने शुक्रवार को शहर के स्कूलों व कॉलेजों की छात्राओं तथा महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए दुर्गा शक्ति एप के बारे में जागरुक किया गया तथा छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला थाना प्रभारी घनश्याम देवी ने कहा कि अब छात्राएं स्कूल व कॉलेज जाते समय बेखौफ होकर जाएं और अपने मोबाइल फोन में दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करके रखें।

### हादसे में घायल बाइक चालक ने दम तोड़ा

**फतेहाबाद।** कार की टक्कर से करीब 20 दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाईक सवार युवक ने उपचार के दौरान अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मृतक की पहचान गांव भरपूर निवासी रामगोपाल का 19 वर्षीय लड़का राकेश भादरा के रूप में हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मजदूर के बच्चों को वितरित की गई जर्सियां

**रतिया।** सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में गांव रतनगढ़ में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रधान एडवोकेट बिकर सिंह एवं सचिव बलिन्दर शर्मा के दिशा-निर्देश में जर्सियां वितरित की गई। प्रोजेक्ट चेयरमैन एडवोकेट सतपाल सिंह, सह प्रोजेक्ट चेयरमैन गोपाल चंद कुलरियां एवं गुरनाम सिंह तेलीवाड़ा ने बताया कि जिले में आउट आफ स्कूल चिल्ड्रेन के लिए जो स्पेशल ट्रेनिग सेंटर खोले गए हैं, उनमें पढ़ने वाले छात्रों को कड़कड़ाती ठंड के मद्देनजर एसोसिएशन के सदस्यों के सहयोग से प्रथम चरण में सेवार्थ रूप से 40 गरीब विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गई।

### गुरुकुल वेद मंदिर में गर्म वस्त्र किया वितरित

**फतेहाबाद।** लायंस क्लब फतेहाबाद गौरव की तरफ से गुरुकुल वेद मंदिर फतेहाबाद कंबल व गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम व नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी कुलवंत सिंह व एसआई सुन्दर मुसाफिर की टीम ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डीएसपी व एसआई सुन्दर मुसाफिर ने बच्चों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित कर अभियान में सहयोग की अपील की।



**टोहाना।** मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे ऑनर के साथ बैठक को संबोधित करते एसडीएम।

## रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

**टोहाना।** उपमंडलाधीश प्रतीक हुड्डा ने कहा कि सवार्ेच्च न्यायालय के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्णतया प्रतिबन्ध है। नियमों की अवहेलना की अवस्था में संबंधित के विरूद्ध ध्वन प्रदूषण (रेगुलेशन एंड कंट्रोल) रूल्स के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने शुक्रवार को उनके कार्यालय में मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे ऑनर के साथ बैठक कर डीजे बजाने बारे जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बैठक में मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे ऑनर को निर्देश दिए कि सभी प्रबंधक यह सुनिश्चित करे रात्रि 10 बजे के बाद डीजे ना बजाय जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैरिज पैलेस संचालकों कोई भी बुकिंग करते समय संबंधित को नियम व शर्ते बताना सुनिश्चित करें।

# पशुओं को गर्म पानी से नहलाकर सरसों तेल की मालिश करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विद्यासागर बंसल ने सर्दी के मौसम को देखते हुए पशुपालकों से कहा कि जब वातावरण का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है तो शीतलहर माना जाता है। इससे पशुओं में नुकसान, पशु कितने समय तक कम तापमान में रहाए वातावरण में नमी का लेवल तथा हवा की गति पर निर्भर करता है। पूर्व में शीतलहर का पूर्वानुमान, आमजन को इस बाबत सचेत करना व शीतलहर से बचाव हेतू समय रहते तैयारी करने से काफी हद तक इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। शीतलहर से पालतू पशुओं व जंगली जानवरों में सदैव चोटिल होने व मृत्यु होने की संभावना बनी रहती है। नवजात बालपशु, युवा पशु, श्वसनतंत्र की बीमारी से पीड़ित पशु, दुधारू पशु व कमजोर पशुओं पर शीतलहर का प्रभाव अधिक होता है। शीतलहर के दौरान पशुओं के शरीर का तापमान कम हो जाता है, जिससे पशुओं को भूख कम लगना, भारी पशुओं में जोड़ों में दर्द का होना, कुत्तों में कैनल व श्वसनतंत्र की बीमारियां आदि का होना अमूमन लक्षण पाए जाते हैं। सर्दियों के दिनों में पशुओं के पीने के लिए गर्म गुनगुने पानी का प्रयोग करें। सर्दियों के दिनों में धूप निकलने पर पशुओं को गर्म ताजा पानी से नहलाकर सरसों के तेल की मालिश करें, जिससे पशुओं को खुश्की आदि से बचाया जा सके। नवजात बच्चों व बीमार पशुओं को रात के समय किसी बोरी या तिरपाल से ढक दें तथा धूप निकलने पर हटा दें। सर्दियों के दिनों में दुधारू पशुओं व 6 मास से अधिक गाभिन पशुओं को अधिक मात्रा में संतुलित पोषाहार दें। पक्षियों के शेड में तापमान-नियंत्रण यूनिट लगा होना चाहिए। सर्दियों के दिनों में समय-समय पर पशुओं को मुंहखुर, गलघोटू, पीपीआर, ईटीवी शीप पोक्स इत्यादि का टीका पशुचिकित्सक की सलाह अनुसार लगवाना चाहिए। सर्दियों के दिनों में पशुओं को समय-समय पर कृमि रहित करना चाहिए। पशुओं को बाह्यीय जीवों के प्रकोप से बचाने के लिए कीटाणुनाशक घोल का छिड़काव पशुशालाओं में करें।

### पशुपालकों को निम्न कार्य नहीं करने चाहिए

सर्दियों में पशुओं को खुले स्थान पर न तो बांधे और न ही घूमने के लिए खुला छोड़ें। पशुबाड़ों में नमी व धुआं नहीं होना चाहिए। सर्दियों में पशुओं को ठंडा आहार व ठंडा पानी नहीं पिलाना चाहिए। सर्दियों में पशुओं को रात के समय व अत्यधिक ठंड में बाहर नहीं रखना चाहिए। सर्दियों में जहां तक संभव होए पशु मेला का आयोजन नहीं करना चाहिए। पशुओं के मृत शरीर को पशुओं की चारागाह के आस पास दफन नहीं करना चाहिए।

### शीतलहर से बचाव के उपाय

सर्दियों के दिनों में पशुपालकों को आसपास के मौसम के पूर्वानुमान बारे जानकारी रखना चाहिए। सर्दियों के दिनों में पशुओं के आवास का उचित प्रबंध करना चाहिए। टीन शेड से निर्मित पशु आवास को घास-फूस के छप्पर से चारों ओर से ढक देना चाहिए, ताकि पशुओं को ठंडी हवा से बचाया जा सके। पशुबाड़ों का निर्माण मौसम के अनुकूल करना चाहिए, ताकि सर्दियों में अधिकतम धूप शेड में आ पाये।

## पंचायत मंत्री ने टोहाना शहर में जलघरों का किया निरीक्षण

# टोहाना शहर के जलघर की 39 करोड़ रुपये खर्च कर बढ़ाई जाएगी क्षमता

नई पाइप लाइन डालने से इस जलघर में 80 लाख लीटर पानी की बढ़ोतरी होगी, 50 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने टोहाना शहर के जलघर का निरीक्षण किया। 39 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इस विकास कार्य में नई पाइपलाइन डाली जाएगी। इस जलघर में 80 लाख लीटर पानी की बढ़ोतरी होगी। शहर टोहाना में चार इंच से 20 इंच नई पाइपलाइन डाली जाएगी। पाइपलाइन डालने का 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

जलघर में चल रहे विकास कायार्ें का निरीक्षण करते हुए कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे कार्य में गुणवता रखे और तय समय में काम पूरा करें। पंचायत मंत्री ने कहा कि शहर के जलघर की क्षमता में बढ़ोतरी होने के बाद पेयजल की कोई दिक्कत नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल और हर घर नल पहुंचाने की जो मुहिम चलाई हुई है उसी मुहिम के तहत क्षेत्र के प्रत्येक घर को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए विशेष रूप से काम किए जा रहे हैं। हर घर शुद्ध जल पहुंचे, इसके लिए पानी की सप्लाई को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के साथ-साथ गांवों में जल घर बनाने का काम फास्ट ट्रैक पर गुणवत्तापूर्वक करवाया जा रहा है। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग से कहा कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए जिससे लंबे समय तक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। इसके लिए अधिकारी निर्माण अवधि के दौरान समय-समय पर जलघर का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की जांच करें।

उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति के लिए जलघरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। हर घर में नल के माध्यम से जल पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।



**टोहाना।** शहर के जलघर का निरीक्षण कर विकास कायार्ें का जायजा लेते विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।




**फतेहाबाद।** विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर नागरिकों को संबोधित करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

### मिशन मेरा गांव मेरी गली-मैं भी संवारूं अभियान प्रारंभ

**फतेहाबाद।** पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने नागरिकों को आह्वान किया है कि वे अपने गांव और आसपास स्वच्छता रखें और लोगों को इसके बारे जागरूक भी करें। कैबिनेट मंत्री ने गांव बोस्ती में ग्राम पंचायत सरपंच सुखविंदर सिंह सुखा द्वारा चलाये गये मिशन मेरा गांव मेरी गली-मैं भी संवारूं अभियान में हिस्सा लेकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि समाज को स्वच्छ रखना हर नागरिक का कर्तव्य हैं। हमें यह प्रण लेना चाहिए की घर में शौचालय का उचित प्रबंध करें ताकि खुले में शौच की प्रवृति को खत्म किया जा सकें। सभी सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों से भी इस अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे इस अभियान में समाज के हर तबके को साथ लेकर इस स्वच्छता अभियान को सफल बनायें। जब हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ होगा तो ही हम स्वस्थ होंगे। सभी लोगों को अपनी सोच में परिवर्तन लाना होगा ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का हम-सब के जीवन में बहुत महत्व है, इसे न सिर्फ हम अपनायें बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करें कि घर के साथ-साथ विद्यालय, कार्यालय, सार्वजनिक स्थल, गली, सड़क, गांव- मोहल्ले, नदी-नाले की सफाई के प्रति जागरूक हों और सफाई रखें।पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गांव सनियाना के राजकीय संस्कृति मॉडल प्राथमिक पाठशाला में सर्व शिक्षा अभियान के तहत 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो कमरों का शिलान्यास किया। उन्होंने गर्ल्स स्कूल में 49 लाख 30 हजार रुपये से बनाए गए मीटिंग हॉल व शैड का भी उद्घाटन किया। पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि टोहाना में धर्म और गरीब-अमीर के बीच की खाई को दूर कर विकास की राजनीति की शुरुआत की ।।




**फतेहाबाद।** अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते राशन डिपो होल्डर।

## मांगों को लेकर राशन डिपू होल्डर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर 1 जनवरी से हड़ताल पर चले आ रहे राशन डिपो धारक आज सड़क पर उतर आए। राशन डिपू होल्डरों ने शुक्रवार का अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद में उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डिपो होल्डरों ने लघु सचिवालय में तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यहां पर डिपो धारकों ने 10 जनवरी को प्रदेशभर में जिलास्तर पर बड़ा प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। डिपो धारकों का कहना था कि सरकार एक तरफ उन्हें कर्मचारी नहीं मानती वहीं दूसरी और उनके रिटायरमेंट की उम्र 60 वर्ष कर दी गई है। यानि 60 वर्ष से ऊपर के डिपो धारकों के लाईसेंस रिन्यू नहीं किए जा रहे, जोकि सरासर अन्यायपूर्ण है।

प्रदर्शन कर रहे डिपो संचालकों ने सरकार से डिपो संचालकों को न्यूनतम 30 हजार रुपए मानदेय दिए जाने, 50 हजार रुपए मासिक आय की गारंटी देने, सरकार द्वारा लागू श्रम कानून एवं सुविधाएं मुहैया करवाने और कोरोना काल में जान गंवाने वाले डिपो धारकों के परिजनों को 50 लाख रुपए सहायता दिए जाने की मांग की। डिपो संचालकों ने कहा कि अगर सरकार रवैया यही रहा तो वे अपने आंदोलन को तेज करेंगे।

### सिरसा कॉलेज में लड़कियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा महाविद्यालय में शुक्रवार को स्पोर्ट्स कलब और वूमेन सैल के संयुक्त तत्वावधान में दस दिनों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने इस शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस शिविर में लड़कियां स्वयं की रक्षा करना सीखेंगी। इंचार्ज विनित कुमार द्वारा लड़कियों को मार्शल आर्ट की अनेक विधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर वूमेन सेल की इंचार्ज डॉ. बबीता भी मौजूद थी।



**सिरसा।** शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए।

## इनेलो बैकवर्ड सम्मेलन 14 को

- अभय चौटाला ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, कहा प्रदेशवासी चाहते हैं सत्ता में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो प्रदेश में सभी दस संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कम से कम दो सीटों पर व सिरसा की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर विजय हासिल कर प्रदेश में सत्तासीन होगी। अभय चौटाला पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 14 जनवरी को सिरसा में बैकवर्ड प्रकोष्ठ का रा'य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें करीब 50 हजार बैकवर्ड लोग शामिल होंगे। ये सम्मेलन बाईपास रोड पर दशहरा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारियों के लिए सभी पार्टी पदाधिकारी पूरी तन्मयता से जुटें। साथ ही कैथल में आगामी 21 जनवरी को युवा इनेलो का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अपनी पदयात्रा के दौरान लोगों से मिलकर जाना कि गठबंधन शासन में लोग बुरी तरह तंग हैं और इससे छुटकारा चाहते हैं। प्रदेशवासी चुनावों की बाट जोह रहे हैं।



**सिरसा ।** बैठक में उपस्थित अभय चौटाला व अन्य।

### लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम 7 जनवरी को

**फतेहाबाद।** सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा लगातार 12वां लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम का आयोजन लोहड़ी से पहले आने वाले रविवार यानी 7 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अरोड़वंश धर्मशाला फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 2023 में जन्मी बच्चियों की पहली लोहड़ी पूरे रीति रिवाज के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर इन बच्चियों के अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। यह प्रशस्ति पत्र किसी भी प्राइवेट डॉक्टर के अस्पताल में दिखाने पर उस बच्ची को एक वर्ष तक परामर्श शुल्क में विशेष छूट प्रदान की जाती है ।

## विशाल नगर कीर्तन निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव पर ओढां स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में 2 जनवरी को अखंड पाठ का प्रकाश करवाया गया व 4 जनवरी को भोग डाले गए। शुक्रवार को विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। साथ ही अटूट लंगर बरताया गया। गुरु घर के रागी बाबा अमृतपाल सिंह ने संगत को गुरु गोविंद सिंह महाराज का इतिहास सुनाते हुए व शब्द सुनाकर संगतो को निहाल किया। गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री गुरुग्रंथ साहिब को फुलों से सजी पालकी में विराजमान किया गया। जिसकी पंज प्यारों ने अगवाई की। नगर कीर्तन में बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका अखाड़ा के के छोटे-छोटे बच्चों ने गतका, लाठी, तलवारबाजी, चक्कर चलाना व आंखों पर पट्टी बांध कर नारियल फोड़ने के जौहर दिखाए। नगर कीर्तन में रागी जत्था में भाई जीत सिंह रघुवाणा वाले और कविशरी जत्थे में भाई जोधा सिंह भंबूर सिरसा वालों ने गुरु गोविंद सिंह का इतिहास सुनाया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा सिंह सभा से चलकर पशु अस्पताल वाली गली, जलालआना रोड, गौशाला रोड, पुरानी मंडी होते हुए गुरुद्वारा साहब में आकर कीर्तन की समाप्ति हुई।



**सिरसा ।** ओढां में नगर कीर्तन निकालते श्रद्धालु।

## टोहाना के अनाज मण्डी में चोर ने दुकान के ताले तोड़े, हजारों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर में आपराधिक घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। पंचायत मंत्री द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर ली गई बैठक के बाद भी लगातार टोहाना में लूटपाट, चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। वीरवार को भी एक दुकान से दिनदहाड़े गल्ला चोरी होने के बाद आधी रात को रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी में एक व्यापारी की दुकान के ताले तोड़ दिए। चोरों ने दुकान में लगे तीन गेटों व अलमारी सहित 6 ताले तोड़कर दुकान ा से हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। दुकान में चोरी की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कैमरे की फुटेज में दिख रहा है कि एक युवक दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। शुक्रवार सुबह जब दुकान मालिक दुकान पर आया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।टोहाना अनाज मंडी के व्यापारी राजेश ने बताया कि वीरवार रात को वे दुकान बंदकर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब वह दुकान पर आया तो देखा कि दुकान के सारे ताले टूटे पड़े थे। राजेश ने बताया कि चोरों ने पहले बाहर लगे चैनल का ताला तोड़ा, फिर उसके बाद लकड़ी के गेट और उसके बाद शीशे के लॉक को तोड़ा गया। इसके बाद चोर दुकान के अंदर आए और वहां रखी अलमारी में भी अलग अलग दराजों के ताले तोड़कर नकदी निकाल ली।

### एनएसएस के व्यक्तित्व का विकास संभव

**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोची-चौबारा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन डाइट प्राचार्य संगीता बिश्नोई मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची। उनके साथ डाइट के प्रवक्ता डॉ. ईश्वर सिंह व सुनील कड़वासरा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल भगवान दास ने की तथा मंच संचालन मुख्य अध्यापक वीरेंद्र शर्मा ने किया। संगीता बिश्नोई ने एनएसएस वालंटियर को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से आप समाज की सेवा कर सकते हैं तथा इसके द्वारा आपके व्यक्तित्व का विकास होता है। हमें अपने लक्ष्य को निर्धारित करके उसको प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत जरूरी है।

## वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेहूवाला में हुआ शिविर का समापन

# एनएसएस शिविर सिखाता है जीवन कौशल

- सुशासन सहयोगी सुरभि साहू ने एनएसएस स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद नरेंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेहूवाला में चल रहे एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुरभि साहू ने कार्यक्रम में शिरकत कर एनएसएस स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया और कहा कि एनएसएस शिविर जीवन कौशल सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई व एनएसएस का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने शिविर के दौरान की गई गतिविधियों का अवलोकन किया व स्वयंसेवकों से उनके अनुभव जाने। उन्होंने स्वयंसेवकों को इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने व स्वयं का विकास करते हुए समाज में अपना योगदान देने का आह्वान किया।



**फतेहाबाद।** मेहूवाला में एनएसएस शिविर के समापन पर विद्यार्थियों को सम्मानित करती मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुरभि साहू।

### सिलाई का प्रशिक्षण दिया

उन्होंने शिविर के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। उन्होंने बैडमिंटन लीग के विजेता मुन्ना व अनुपमा को सम्मानित किया। प्रातः काल के सत्र में राजेश ने पत्रकारिता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके अतिरिक्त गीता ने छात्रों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया। डाइट मताना से वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद बंसल ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड की परीक्षा के लिए तैयारी करने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कठिन मेहनत से लक्ष्य को पाएं। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान कविता, एसएमसी मेंबर राजेंद्र, इतिहास के प्रवक्ता सुनील पूनिया, हिंदी के प्रवक्ता सुरतबीर, ईएसएचएम होशियार, एसएमसी पूर्व प्रधान बलविंदर, सतबीर, जिला एनएसएस प्रभारी रोहतास मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से वृद्ध की मौत

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामपुरा गांव के समीप शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर गांव जा रहे एक वृद्ध की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। हांसी की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 67 वर्षीय अशोक कुमार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव खरबला जा रहा था।

### गांव ढाणी मिट्टी के खेतों से मिली लाश

**सिवानी मंडी।** गांव ढाणी मिट्टी के खेतों में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति की लाश मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक की पहचान 45 साल के करीब बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों ने खेत में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश देखी। इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई।

### अयोध्या से आए चावल का किया वितरण

**हिसार।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या से आए चावलों का कलश शिव मंदिर मॉडल टाउन में पहुंचा। मंदिर में कलश स्थापित करने के उपरांत भक्तों की टोलियां बनाकर क्षेत्र के अंदर पीले चावलों का वितरण किया गया। देशबंधु कौशिक ने बताया कि श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र वासियों विशेष रूप से मातृशक्ति में बहुत ज्यादा उत्साह और जोश दिखाई दिया।

### बीईओ ने एनएसएस कैंप का किया निरीक्षण

**हिसार।** सुशीला भवन रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र दलाल व बीआरसी अनिल नेहरा निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल प्रिंसिपल कांति कमल ने निरीक्षण टीम को कैंप में चलाई गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। निरीक्षण टीम ने एनएसएस वालंटियर्स से बात की और कैंप के दौरान उनकी गतिविधियों का जायजा लिया और एनएसएस के प्रति उनके उत्साह का खूब सराहना दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस व शिक्षा का महत्व समझाया।

### निजी स्कूल संचालक आज सौपेंगे ज्ञापन

**हिसार।** सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने की अध्यक्षता में निजी स्कूल संचालकों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा निजी अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को एक्सटेंशन नही देने और लाखों रुपये बॉन्ड राशि भरवाने जाने संबंधित समस्याओं बारे विचार विमर्श किया और ठोस समाधान के लिए योजना बनाई। सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ की मीटिंग में फैसला किया कि हिसार जिले के सभी अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूल संचालक 6 जनवरी को पैदल मार्च निकालते हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व अन्य मंत्रियों व विधायकों के निवास स्थान पर पहुंचेंगे और ज्ञापन देंगे।

### मिस्त्री को लगाया सवा पांच लाख रुपए का चूना

**हांसी।** साइबर ठगों ने डंफर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री को उसी का रिश्तेदार बन सवा पांच लाख रुपए का चूना लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी अशोक कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि वह डंफर ट्राली बनाने का काम करता हूं। और मेरा रिश्तेदार सौरव कनाडा में रहता है। अशोक ने बताया कि 21 दिसंबर को मेरे मोबाईल फोन पर अज्ञात फोन नंबर से फोन आया कि मैं सौरभ बोल रहा हूं और मैं आपके बैंक खाते में 14 लाख रुपये डाल रहा हूं और यहां मेरा एक एजेन्ट हरजीत सिंह है और उसकी मां की किडनी का आपरेशन होना है इसलिए आप ये रुपये उसको दे देना। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

### बदबू के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी

# रेलवे बाउंड्री बनी कूड़ा डंप स्टेशन सब कुछ देखकर भी अधिकारी चुप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल**

शासन प्रशासन द्वारा भले ही स्वच्छ भारत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हो, लेकिन वास्तविकता इससे परे है। उत्तर भारत के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों में शुमार जाखल जंक्शन रेलवे स्टेशन पर इसकी बानगी सरेआम देखने को मिल रही है। यहां रेलवे स्टेशन बाउंड्री में ही कचरा डंप हो रहा है। इसके चलते यहां गंदगी पसरी हुई है। जंक्शन होने के कारण जहां रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आना जाना रहता है। अनदेखी का शिकार होने से रेलवे स्टेशन पर आने वाला हर कोई कचरे से उठने वाली दुर्गंध से परेशान हैं। गंदगी की वजह से इस महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन की छवि भी खराब हो रही है। आलम यह है कि अवगत कराने के बावजूद संबंधित अधिकारी इसका कोई निराकरण करने की अपेक्षा अपना पिंड छुड़ाने नजर आए हैं। रेलवे अफसरों की बात करें तो वो रेलवे की भूमि में कचरा फेंकने वालों विरुद्ध कोई ठोस कार्यवाही करने की बजाय नगर पालिका को केवल पत्र प्रेषित करने तक सीमित है वहीं नपा अधिकारी रेलवे की भूमि में कूड़ा कचरा गिराने की बात से नकार रहे है। वास्तविकता यह है कि नपा द्वारा रेलवे की बाउंड्री में शहर का कूड़ा डंप करवाया जा रहा है। नतीजन इससे जाखल रेलवे स्टेशन स्वच्छता के मामले इन दिनों शून्य है। रेलवे स्टेशन की बदहाल स्थिति व रेलवे बाउंड्री में लगे कूड़े के अंबार से बाहर से आने वाले यात्री भी हैरान हैं। वर्तमान में भले ही स्टेशन के प्लेटफार्म नजर आते है, परंतु यहां से निकलने वाले कचरे से अधिक शहर का कचरा रेलवे परिसर में डंप करने से जहां गंदगी का साम्रा'य है। यहां रेलवे माल गोदाम की सड़क के साथ में कूड़े के लगे बड़े-बड़े ढेर और बिखरे हुए कचरे को देख यहीं माना जा रहा है कि यहां कचरा डंप करने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। शहर का कूड़ा डंप करने पर कोई ठोस कार्यवाही अथवा यहां की सफाई करने की जगह रेलवे प्रशासन पत्र भेजने तक सीमित है। उत्तर भारत का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के लिहाज से यहां सफाई की बेहद आवश्यकता है लेकिन जिम्मेदारों की उपेक्षा से अव्यवस्था के कारण यहां की स्वच्छता को लेकर सवाल खड़ा हो रहा है।



**जाखल।** रेलवे की बाउंड्री में लगे कूड़े के ढेर।

#### शहर का कूड़ा किया जा रहा डंप

जानकार सूत्रों की माने तो प्रतिदिन पूरे शहर से निकलने वाले कचरे को गिराने के लिए नपा प्रशासन के पास कोई भी डंप स्टेशन निश्चित नहीं है, शहर का सारा कूड़ा रेलवे बाउंड्री में ही गिराया जा रहा है। सूत्रों की माने तो इतने बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान की धि'जयां उड़ाना अधिकारियों की शह के बिना नामुमकिन है। ऐसे में इस कार्य में अधिकारियों की मिलीभक्त की आशंका भी व्यक्त की जा रही है।

#### डंप स्टेशन के नाम पर लगाया जा रहा है चूना

जानकारी के अनुसार जब भी नपा प्रशासन में कोई भी सफाई का टेंडर होता है तो सफाई कर्मचारी व उसके निश्चित संसाधनों सहित कूड़ा गिराने के लिए डंप स्टेशन का भी होना आवश्यक बताया जाता है, परंतु केवल कर्मचारियों का संसाधनों के द्वारा बिना डंप स्टेशन के लाखों रुपए का गोल-मोल कर सरकार तथा जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है।

#### ये बोले अधिकारी

इस बारे में जब रेलवे के सीएस शोकर आईओडब्ल्यू से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि नगरपालिका द्वारा रेलवे बाउंड्री में कूड़ा डंप कराया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस संबंध में नपा को पत्र प्रेषित कर रेलवे की भूमि में कूड़ा डंप न कराने को कहा गया हैं। आने वाले दिनों में भी यदि यूं ही हालात रहे तो रेलवे द्वारा इस पर कड़ा संज्ञान लिया जाएगा।

#### कूड़ा नहीं किया डंप

इस संदर्भ में जब जाखल नगर पालिका सचिव महावीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने रेलवे की जगह में कूड़ा गिरने की बात को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि नपा द्वारा कभी भी कूड़ा रेलवे की भूमि में नहीं गिराया गया है।

---



**सिरसा।** भावदीन टोल प्लाजा पर धरना देते ट्रक व टैक्सी यूनियन के सदस्य।

# हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

- मौके पर दो डीएसपी सहित भारी पुलिस बल रहा तैनात

हिट एंड रन से संबंधित कानून के विरोध में शुक्रवार को सिरसा ट्रक यूनियन व टैक्सी यूनियन के ड्राइवरों ने भावदीन टोल प्लाजा पर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना दिया। धरनास्थल पर किसान संगठन भी पहुंचे और अपना समर्थन दिया। पुलिस प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया था ताकि किसी अप्रिय घटना से निपटा जा सके।

डीएसपी जगतपाल व किशोरी लाल भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर रखी। प्रदर्शनकारियों का पहले टोल पर्ची मुक्त करने का ऐलान किया था, लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप से टोल मुक्त नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को भी वापस भेजने का प्रयास किया। सिरसा ट्रक यूनियन के प्रधान गुरमीत सिंह बिट्टू का कहना है कि ट्रक व टैक्सी ड्राइवरों का धरना शांतिपूर्वक चलेगा। वे सरकार से हिट एंड रन से संबंधित कानून को लागू न किए जाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही प्रदेश में वाहन चालकों की हड़ताल समाप्त हो गई हो, मगर सिरसा में टोल प्लाजा पर धरना दिया जा रहा है। प्रधान बिट्टू ने का कहना है कि जब यूनियन की ओर से कोई आदेश आएगा, उसी के तहत आगे के आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार ने जो कानून बनाया है, यह पूरी तरह से वाहन चालकों के खिलाफ है। यह एक तरह से काला कानून है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। कानून के अनुसार भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान किया गया है। इसके विरोध में ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर खुलकर आ गए हैं। उनका कहना है कि दुर्घटनाएं जानबूझकर नहीं की जाती हैं और ड्राइवरों को अकसर डर होता है कि अगर वे घायलों को अस्पताल ले जाने का प्रयास करते हैं तो उन्हें भीड़ की हिंसा का शिकार होना पड़ेगा। इसलिए इसे लागू न किया जाए।

---

### करंट से मौत का नहीं मिला मुआवजा

**हिसार।** पति की करंट लगने से मौत होने के तीन माह बाद भी सरकार के तरफ से मुआवजा राशि नहीं देने का मामला शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह के सामने बिजली पंचायत में उठा। पीड़ित पत्नी कंचनबाला ने बताया कि उसका पति एचकेआरएन के तहत बिजली निगम में कार्यरत थी। करीब 3 माह पहले उसका पति गांव मिर्जापुर में बिजली आपूर्ति बंद करके 220 केवी के पोल पर काम कर रहा था। इस दौरान पीछे से बिजली की सप्लाई चालू दी। इससे उसके पति की करंट लगने से मौत हो गई। रोते हुए पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के तीन माह बाद भी सरकार के तरफ से उसे मुआवजा नहीं मिला है। इस पर ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# सीडीएलयू : गुमनाम पत्र मामले ने तूल पकड़ा

## सीडीएलयू ने आईसीसी को सौंपी

- छात्र संगठनों ने प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रा'यपाल, मुख्यममंत्री व महिला आयोग को भेजा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में एक प्रोफेसर के नाम गुमनाम पत्र का मामला तूड़ पकड़ता जा रहा है। छात्र संगठनों ने जहां विश्वविद्यालय गेट के बाहर इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर धरना दिया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। वहीं एएसपी दीप्ति गर्ग भी चौ. देवीलाल विश्वविद्यलय में पहुंची और इस संबंध में विद्यार्थियों से बातचीत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी आईसीसी को इस मामले की जांच सौंप दी है। बीते दिवस से ही गुमनाम पत्र के वायरल होने पर विश्वविद्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को शहीद ए आजम स्टूडेंट एसोसिएशन के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उपायुक्त को रा'यपाल, मुख्यमंत्री एवं महिला आयोग के नाम मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर नायाब तहसीलदार सुभाष ने आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी। छात्र नेता प्रवीण अत्री एवं छात्र नेत्री मनीषा कंबोज ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द जांच कमेटी बना कर जांच की जाए, ताकि छात्राओं को न्याय मिल सके। छात्र नेता अजय चौधरी व सतवीर साहनी ने कहा कि जिस तरह गुमनाम पत्र के माध्यम से डीन अध्यापक पर आरोप लगाए हैं, वो बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है। विद्यार्थियों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, ताकि कार्रवाई हो सके।



**सिरसा।** गुमनाम पत्र की जांच की मांग को लेकर रोष जाहिर करते विद्यार्थी।

#### जनवादी महिला समिति ने की निष्पक्ष जांच की मांग

जनवादी महिला समिति ने चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करने की मांग करती है। जनवादी महिला समिति की रा'य अध्यक्ष सविता, महासचिव उषा सरोहा, जिला सचिव बलबीर कौर व अध्यक्ष रेखा ने संयुक्त बयान कहा कि उपरोक्त मामला बेहद गंभीर है। शिक्षण संस्थानों में लगातार ऐसे भयावह मामले उजागर हो रहे हैं। उचाना व कैथल के सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के संगीन मामलों से रा'य पहले ही शर्मसार हो चुका है। इन मामलों से जाहिर होता है कि शिक्षण संस्थानों में यौन हिंसा की घटनाएं काफी 'यादा बढ़ रही हैं परन्तु राजनीति संरक्षण में अपराधी फलते-फूलते रहते हैं। इसके चलते उत्पीड़ित इनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत भी नहीं कर पातीं। संगठन की मांग है कि उपरोक्त मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच हो। सभी शिक्षण संस्थाओं व कार्य स्थलों पर यौन हिंसा विरोधी कमेटियों का गठन हो। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए राजनीतिक व सामाजिक दोनों स्तर पर काम हो।

### राजकीय महिला कॉलेज व राजकीय कॉलेज सिवानी में करार

**हिसार।** शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय ने सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी के साथ पांच वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य तथा राजकीय महाविद्यालय सिवानी के प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों तक दोनों कॉलेजों में सांझा रूप से स्टुडेंट एक्सचेंज और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाएंगे। दोनों महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एकेडमिक रिसोर्सेज को भी सांझा करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि ज्ञान को जितना बांटेगे उतना ही बढ़ेगा।

---

# पर्यावरण संरक्षण को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिरडाना में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत व्यायाम व योगा से हुई। एनएसएस प्रभारी विनय कुमार ने बच्चों को सूर्य नमस्कार करवाते हुए उनके जीवन में योग के महत्व को बताया। आज शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर कुलदीप, पीजीटी कैमिस्ट्री, विकास कुमार सैकिण्ड ऑफिसर मर्चेंट नेवी, प्रमोद कुमार, टीजीटी मैथ उपस्थित हुए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलदीप ने विद्यार्थी जीवन में एनएसएस के महत्व को बताया और नशे के जाल में हमारी युवा पीढ़ी किस प्रकार फंसती जा रही है, इस पर बड़े ही अच्छे उदाहरण देकर बच्चों को समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से घर के किसी एक सदस्य के नशे के जाल में फंसने के बाद पूरा परिवार खत्म हो जाता है। कपिल देव ने कैंप मे पहुंचे सभी अतिथियों का पूरे स्कूल व एनएसएस टीम की तरफ से धन्यवाद किया और दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया। आज एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए कपिल देव और उनकी टीम द्वारा ही गाजर का हलवा तैयार किया था। दोपहर के भजन के बाद मुख्य अतिथियों ने पर्यावरण जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। सभी स्वयंसेवकों ने गांव के अंदर जागरूकता रैली निकालने के साथ-साथ सफाई अभियान भी चलाया और लोगों को 'प्लास्टिक नहीं जलाना है पर्यावरण बचाना है' की अपील भी की। इसी बीच दीपक कुमार कैंप मे अपनी बेटी गरिमा का जन्म दिन मनाने के लिए सह परिवार पहुंचे। स्वयंसेवकों ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान रिंपी रानी, वीणा गढ़वाल, सतीश कुमार, राजेश कुमार, संदीप मौजूद रहे।

# विवादों से बचने को चुप्पी साधना बेहतर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया**

श्री योग अनुभव दरबार सेवा समिति रतिया द्वारा शक्ति नगर स्थित भोजाराम धर्मशाला में सत्संग कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें दरबार की संत सुखदेवानंद महाराज ने भाग लिया। संतों के पहुंचने पर श्री अमरनाथ महिला सेवा समिति व श्रद्धालुओं द्वारा उनका स्वागत पुष्प वर्षा करके किया गया। संत सुखदेवानंद महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि मनुष्य को बिना वजह के झमेले से बचने के लिए चुप का सहारा लेना चाहिए। किसी ने सही कहा है कि एक चुप सो सुख इसलिए बिना वजह की बहस करना विवाद में उलझन उचित नहीं है। पारिवारिक माहौल में भी चुप रहकर परिवार के अनावश्यक विवादों से बचा जा सकता है। आध्यात्मिक प्रवचनकर्ता धर्मेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सोशल मीडिया की बजाय किताबें, ग्रंथ तथा मोटिवेशनल स्पीच सुनकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। इसके साथ-साथ अपने सामान्य ज्ञान को ऊंचा रखना चाहिए तथा आध्यात्मिकता से जुड़ना चाहिए। गोस्वामी ने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड की बचाय घर का बना पौष्टिक आहार लेना चाहिए। विशेष कर सर्दियों में खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा आने वाली परीक्षाओं की तैयारी में की जान से मेहनत करनी चाहिए। प्रवचनों के बाद संतों द्वारा मोटिवेशनल स्पीकर धर्मेन्द्र गोस्वामी को सम्मानित भी किया गया तथा संतों ने भजनों शब्दों के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया। कड़ाके की ठंड के बावजूद भी श्रद्धालुओं के भरे हाल में संतो के प्रवचनों में लोग मंत्र मुक्त होकर बैठे रहे तथा अंत में भगवान श्री राधा कृष्ण के भजन पर उठकर नाचने झूमने लगे। इस अवसर पर प्रमोद कक्कड़, शंटी कक्कड़, रमेश जताना, राधेश्याम चोपड़ा, अनीता रानी, सुमन रानी, पुष्पा देवी, उषा रानी, नरेश बलाना, सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।



**रतिया।** भोजाराम धर्मशाला में प्रवचन करते संत सुखदेवानंद महाराज।

---

### मरणोपरांत शरीर दान, हजारों श्रद्धालुओं ने दी विदाई

# शरीरदान कर अमर गए ओमप्रकाश नारंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

डेरा प्रमुख संत गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की शिक्षाओं पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु अमर सेवा मुहिम यानी चिकित्सा व शोध कायार्ें के लिए मरणोपरांत शरीरदान करना और मरणोपरांत नेत्रदान में अनुकरणीय एवं अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। इसी के अंतर्गत अशोक नगर निवासी ओमप्रकाश के मरणोपरांत उनके परिजनों ने शरीरदान करके मानवता का परिचय दिया। ओमप्रकाश का पार्थिव देह मेडिकल शोध कायार्ें के लिए एमएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साईंस एवं रिसर्च मुलाना अंबाला को दान किया गया है। शरीरदानी को अंतिम विदाई देने के लिए फतेहाबाद के डेरा श्रद्धालुओं के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम विदाई दी।

इसके अलावा बेटा-बेटी एक सम्मान मुहिम के तहत ओमप्रकाश इन्सां की अर्थी को उनकी पुत्रवधुओं अनिल कुमार, मुकेश, दिनेश एवं बेटे प्रदीप, टिंकू ने कंधा दिया। जानकारी के अनुसार अशोक नगर फतेहाबाद निवासी टिंकू इन्सां के पिता ओमप्रकाश का बीती रात निधन हो गया।

उनके मरणोपरांत उनकी आखिरी इच्छा को पूरा करते परिजनों की ओर से फतेहाबाद के डेरा सेवादारों से संपर्क करके उनकी पार्थिव देह को एमएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साईंस एवं रिसर्च, मुलाना अंबाला को दान किया गया है। पार्थिव देह को फूलों से सजी एंबुलेंस में रखा गया। इस दौरान शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर फोर्स विंग के सेवादारों ने गगनभेदी नारे लगाए और देहदानी को सैल्यूट कर एंबुलेंस को मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया। फूलों से सजी एंबुलैस के माध्यम से शहर के प्रमुख मागार्ें से निकालकर पार्थिक शरीर को पुराना बस स्टैंड से अंतिम विदाई दी। ज्ञात रहे कि वीरवार को भी एक महिला के निधन के बाद उनके परिजनों ने शरीरदान किया था।



**फतेहाबाद।** देह दानी ओमप्रकाश को अंतिम विदाई देते डेरा श्रद्धालु।

# परिजनों ने चौथे दिन भी नहीं उठाया अस्पताल से शव

**हिसार।** नजदीकी गांव डाबड़ा निवासी युवक पवन की आत्महत्या मामले में परिजनों ने चौथे दिन भी शव नहीं उठाया। परिजन मामले में आरोपित डीएसपी सहित सभी छह आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।मृतक के परिजनों द्वारा चौथे दिन भी शव न उठाने पर उन्हें समझाने के लिए शुक्रवार देर सायं एएसपी राकेश कुमार मोहन व डीएसपी अशोक कुमार नागरिक अस्पताल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि उनकी शिकायत के अनुसार आजाद नगर थाना में सभी छह आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया गया है। उसमें आत्महत्या के लिए मजबूर करने व एससीएसटी की धाराएं जोड़ी गई है। मामले की पूरी तरह से जांच की जाएगी और उसके बाद उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। दूसरी तरफ परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपित गिरफ्तार नहीं होंगे, वे शव नहीं उठाएंगे। उनका कहना है कि मामले में एक आरोपित डीएसपी स्तर का अधिकारी है, जो मामले को प्रभावित भी कर सकता है। एएसपी, डीएसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया लेकिन शव उठाने पर सहमति नहीं बन पाई। आजाद नगर पुलिस ने इस संबंध में 2 जनवरी को ही डीएसपी सहित छह पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज करने की मांग की

## खबर संक्षेप

### खेत में जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जुआरियों पर नकेल कसते हुए भट्टूकलां पुलिस ने 10 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लाखों रुपये की जुआ राशि बरामद की है। पकड़े गए लोगों ने अपने नाम अशोक कुमार महराणा, सतबीर सिंह ढिंगसरा, मोहर सिंह ठुईयां, मुकेश फेफाना, धर्मपाल सिरढ़ान, मोहन लाल दैयड़, पवन फेफाना, विरेन्द्र उर्फ लाला मोड़ाखेड़ा, भूषण सादुलशहर व गुरपाल सिंह सादुलशहर बताए हैं। पुलिस ने इनके पास से 4 लाख 90 हजार 500 रुपये की जुआ राशि बरामद की।

### दो युवक अवैध पिस्तौल व दो कारतूस सहित काबू

**डबवाली।** डबवाली सीआईए प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई विजय सिंह के नेतृत्व में शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर उनकी नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान मुकेश उर्फ सेठी पुत्र किशोरी लाल व सुरेंद्र कुमार उर्फ लादेन पुत्र मनीराम निवासी गंगा के रुप में हुई है।

### सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौत

**ओढां।** जिला के गांव पंजुआना व खैरेकां के समीप तूडे.से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस को दिए बयानों में डबवाली के वार्ड नंबर 15 निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसका भाई राजेश महेंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी डबवाली में मुनीमी का काम करता है। बीती 3 जनवरी की सुबह राजेश व उसका दोस्त चिंकी व उसका रिश्तेदार कपिल कार में सवार होकर सिरसा जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इलाज के दौरान राजेश को मृत घोषित कर दिया जबकि कपिल व चिंकी को परिजन उपचार के लिए बठिंडा स्थित निजी अस्पताल में ले गए।

### युवती से छेड़छाड़, अश्लील वीडियो दिखाई

**फतेहाबाद।** शहर के भट्टू रोड पर शुक्रवार सुबह हंगामा हो गया। आईटीआई भोडियाखेड़ा में पढ़ने जा रही एक छात्रा ने बस स्टॉप पर खड़े व्यक्ति पर अश्लील हरकतें करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही व्यक्ति पर उसे फोन पर अश्लील वीडियो दिखाने के भी आरोप लगाए। शोर मचाने पर आरोपी मौके अपना मोबाइल छोड़ भाग निकला। लोगों द्वारा सूचना देने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है।

### दुकान में घुसकर हजारों की नकदी चुराई

**टोहाना।** चोरों ने रेलवे रोड स्थित एक आटा चक्की में घुसकर गल्ले से हजारों रुपये की नगदी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन, टोहाना निवासी बजरंग ने कहा है कि उसकी रेलवे रोड पर आटा चक्की है। गत दिवस दोपहर को वह दुकान के ऊपर कोई काम से गया था। पीछे से अज्ञात चोर उसकी दुकान में घुए गए और गल्ले में रखी 8-10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

### विधायक के खिलाफ शहर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी नाराजगी का माहौल

# जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पूछे तीखे सवाल तो मंच छोड़कर चले गए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नया साल यहां के सत्ताधारियों के लिए विपरीत परिस्थितियां लेकर आया है। लोकल भाजपा विधायक दुड़ाराम जहां पहले कई विवादों से घिरे रहे हैं, वीरवार को उस कड़ी में एक घटनाक्रम ओर जुड़ गया। ऐसा लगता है कि जैसे शहर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक के खिलाफ मुखर हो रहे है। दरअसल, पहले विधायक दुड़ाराम की छवि एक प्रखर नेता के रूप में थी लेकिन इस एक वर्ष में माहौल उनके विपरीत जाता नजर आ रहा है। विधायक वीरवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव पीलीमंदौरी पहुंचे तो सभा में ग्रामीणों ने उनसे खूब सवाल किए, जिनका विधायक के पास कोई जवाब नहीं था। ऐसे में विधायक को जनसभा छोड़कर ही वापस लौटना पड़ा।

भट्टूकलां के गांव पीलीमंदोरी में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक दुड़ाराम के बोलते वक्त गांव के एक युवक ने खूब सवाल खड़े कर दिए। माइक लेकर उठाएं गए सवालों का विधायक ने जबाव देने की बजाय, मुस्कुराने की कोशिश करते देखे गए। बाद में भी सवालों को बीच में ही छोड़कर विधायक बिना जवाब दिए वहां से चले गए। यह वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। विधायक दुड़ाराम गांव पीलीमंदोरी में वीरवार को जनसंवाद कार्यक्रम में आएं हुए थे। इस दौरान ग्रामीण सुमेर ने मंच से माइक लेकर विधायक के सामने सवालों की झड़ी लगा दी। पीलीमंदोरी के किसान सुमेर ज्याणी व अन्य किसानों ने सेम की समस्या को लेकर सवाल उठाते हुए पूछा कि हम पिछले 45 दिनों से भट्टू में आंदोलन कर रहे हैं और आप कह रहे हो कि इलाके में विकास ही विकास हो रहा है। आप 5 साल पहले जब वोट मांगने आएं थे, तब आपने वादा किया था कि भट्टू ब्लॉक में सेम की समस्या बहुत बड़ी है और मैं जीतने के बाद इसका समाधान करूंगा। आज तक उन्होंने क्या किया? किसान ने विधायक के सामने सवाल उठाते हुए कहा कि विधायक जी आप तो कह रहे थे कि खेतों में पानी भरा ही नहीं, अगर पानी नहीं भरा तो मुआवजा कैसे आ गया। उन्होंने कहा कि सेम की समस्या को लेकर 10 जनवरी को भट्टू उप तहसील कार्यालय के समक्ष बड़ा आंदोलन है। आप उस आंदोलन में भी भाग लें। बेरोजगारी के मुद्दे पर भी सवाल खड़े किए।



फतेहाबाद। गांव पीलीमंदौरी में भरी सभा में विधायक से सवाल करते युवक।

**केस 1**

विधायक पर उनके ही चालक सुभाष टोपी ने विधायक के पीए व एक अन्य समर्थक पर नौकरी की एवज में पैसे लेने के आरोप लगाए थे। इतना ही नहीं, बात बढ़ने के बाद चालक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विधायक आवास के बाहर धरना भी दिया था। बाद में लोगों के बीच-बचाव में आने पर मामला निपटा दिया गया।

**केस 2**

पिछले दिनों अनाज मण्डी के धान कचरा के ठेकेदार संदीप बिसला पर मण्डी के व्यापारियों ने जबरन वसूली व रिवाल्वर दिखाकर धमकाने के आरोप लगाए थे। ठेकेदार विधायक का खासमखास माना जाता है। व्यापारियों ने इसकी शिकायत थाने में दी तो विधायक ने बीच-बचाव कर मामला सुलटा दिया था।

**केस 3**

विधायक पर नगरपरिषद के प्रधान राजेन्द्र खिची की पत्नी ने सट्टेबाजों को संरक्षण देने के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि विधायक अनावश्यक रूप से नगरपरिषद में हस्तक्षेप कर रहे हैं। वह अपने चहेते संदिग्ध लोगों को बचाना चाहते हैं। जो कहीं से भी जायज व न्यायसंगत नहीं है।

**केस 4**

नगरपरिषद में विधायक पर आरोप लगते रहे हैं कि वह उपप्रधान को बिना वजह तवज्जो देकर शहर का विकास कार्य नहीं होने दे रहे। बता दें कि इस समय नगरपरिषद के पास 70 करोड़ से अधिक की राशि बैंकों में पड़ी है। अगले माह लोकसभा चुनावों को लेकर आचार संहिता लग सकती है।

# रिकार्ड टूटे : फतेहाबाद प्रदेश का सबसे ठंडा शहर

## 4 डिग्री तक गिरा जिले का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले 15 दिनों से फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 15 डिग्री से ऊपर नहीं आया। रात और दिन के तापमान में मामूली अंतर आने से ठंडक ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे गिरकर 4 डिग्री पर आ पहुंचा। उधर, 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही शीत लहरों ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार अभी 4 दिन तक ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। शुक्रवार का दिन फतेहाबाद में सबसे ठंडा दिन माना गया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलने से प्रदेश में हाड़तोड़ सर्दी पड़ रही है। अलसुबह कोहरा और बाद में दिनभर बादल छाये रहने से दृश्यता भी 10 मीटर तक रह गई है। मौसम विभाग ने यहां येलो अलर्ट जारी कर रखा है। कोल्ड वेव के बाद कोल्ड डे से बेहद ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 7 व 8 जनवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके बाद मौसम में बदलाव और तापमान में उतार-चढ़ाव आएगा। कहीं-कहीं बूंदे गिरेंगी। 11 जनवरी के बाद फिर कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

## टोहाना से अयोध्या ट्रेन शुरू

**टोहाना।** दिल्ली-बठिंडा जाने वाले फरक्का एक्सप्रेस के टोहाना में ठहराव को मंजूरी मिल गई है। इस ट्रेन के टोहाना में रूकने से श्रद्धालु अब सीधा श्री अयोध्या धाम जा सकेंगे। मिली जानकारी के अनुसार रेल विभाग ने मालदा टाउन से दिल्ली आने वाले गाड़ी संख्या 13483-484 फरक्का एक्सप्रैस का विस्तार बठिंडा तक किया है। अभी यह ट्रेन दिल्ली से रोहतक, जींद होते हुए जाखल से सीधा बठिंडा जाती थी। इस गाड़ी का टोहाना मे ठहराव नहीं किया गया था। इस पर टोहाना क्षेत्रवासियों और दैनिक रेल यात्री संगठन ने सांसद सुनीता दुग्गल से ट्रेन का टोहाना में ठहराव करवाने का आग्रह किया था। इसके बाद अब रेल विभाग ने इस गाड़ी के टोहाना स्टॉपेज को मंजूर कर लिया है, जिससे टोहाना क्षेत्रवासियों में धार्मिक स्थलों पर जाने का बहुत उत्साह है।

## डबवाली व रानियां हलके के गांवों में पहुंची संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केंद्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं को पात्र लोगों के घर द्वार पर लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा शुक्रवार को जिला के गांव ढाणी काहन सिंह, जीवन नगर, चकराइयां, चक साहिबा, शेरगढ, अलीकां, रघुआना, छतरियां, बरासरी, जोड़कियां पहुंची। गांव शेरगढ व अलीकां में सीओएसएएमबी के राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल, ढाणी काहन सिंह व जीवन नगर में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, चकराइयां में पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. राधेश्याम खुराणा, चक साहिबा में मंडल महामंत्री प्रकट सिंह खैरां, रघुआना व छतरियां में पूर्व विधायक बलकौर सिंह व बरासरी में वी. कामराज, जोड़कियां में नीकू राम फौजी ने यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में अपने वाले पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें।



सिरसा। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज।

## भाजपा नेत्री राखी मक्कड़ ने वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वरिष्ठ भाजपा नेता स. बलदेव सिंह ग्रोहा को एक बार फिर फतेहाबाद जिले की कमान सौंपे जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हुआ है। बलदेव ग्रोहा की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर लोकसभा चुनावों को लेकर मैदान में उतरेगी और रिकार्ड जीत दर्ज करेगी। यह बात भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़ ने स. बलदेव सिंह ग्रोहा को फतेहाबाद का दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कही। भाजपा महिला नेत्री ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव, संगठन मंत्री फणिन्द्र नाथ शर्मा, सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला, सांसद सुनीता दुग्गल, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया वहीं जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी।

बता दें कि पार्टी हाईकमान द्वारा जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की राय जानी गई थी, जिसमें राखी मक्कड़ ने भी हाईकमान के सामने बलदेव ग्रोहा को दोबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपे जाने की बात प्रमुखता से उठाई थी।

राखी मक्कड़ ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा की ईमानदार और नेक छवि से प्रभावित होकर ही वे उनके साथ जुड़ी हुई हैं। बलदेव ग्रोहा के जिलाध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल काफी शानदार रहा है और उनके नेतृत्व में फतेहाबाद में पार्टी को काफी मजबूती मिली है और कार्यकर्ता अब दोगुणे जोश के कारण काम करेंगे।



फतेहाबाद। दोबारा भाजपा जिलाध्यक्ष बने बलदेव ग्रोहा को बधाई देते महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी मक्कड़। फोटो : हरिभूमि

## नवीन भांभू बने एमपैक्स कागदाना के चेयरमैन



सिरसा। एमपैक्स कागदाना के प्रबंधक कमेटी के नवनिर्वाचित चेयरमैन नवीन भांभू और वाइस चेयरमैन रामकुमार बैरड़ कुम्हारिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

दी कागदाना बहुउद्देशीय प्राथमिक एग्रीकल्चर समिति कागदाना के प्रबंधक कमेटी (एमपैक्स)के नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवीन भांभू कागदाना को सर्वसम्मति से चेयरमैन चुना गया तथा रामकुमार बैरड़ कुम्हारिया को वाइस चेयरमैन चुना गया। सदस्यों की बैठक सहकारी समितियां निरीक्षक नरेश कुमार और रामफल की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में 6 नवनिर्वाचित डायरेक्टर ने भाग लिया।

यह जानकारी देते हुए प्रबंधक सतवीर श्योराण और शाखा प्रबंधक दलीप सिंह ने बताया कि एमपैक्स कागदाना के चैयरमेन व वाइस चेयरमैन के चुनाव के लिए दूसरी बार बैठक आयोजित की गई। पहली बार 29 दिसंबर को बैठक बुलाई गई जिसमें कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं हुआ। फिर बैठक का समय 5 जनवरी निर्धारित किया गया। जिसमें नवीन कुमार भांभू कागदाना, रामकुमार बैरड़ कुम्हारिया, जयसिंह, रितु, पृथ्वी सिंह, और सुमित्रा देवी उपस्थिति रही। सहकारी समितियां निरीक्षक नरेश कुमार और रामफल की देखरेख में आयोजित बैठक में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन सर्व समिति से चुने गए। जिनमें सर्वसम्मति से नवीन कुमार भांभू कागदाना को चेयरमैन और रामकुमार बैरड़ कुम्हारिया को वाइस चेयरमैन चुना गया। बैठक में कुल 10 सदस्यों में से 6 सदस्यों ने भाग लिया जबकि चार सदस्य अनुपस्थित रहे।

चुनाव संपन्न होने के बाद टीम मीनू बेनीवाल सदस्य राहुल बाबल, साहब राम, सुरेश भांभू सहित कई गणमान्य लोगो ने नवीन भांभू को बधाई दी। समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल और उनकी टीम द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार जताया। मौके पर राजकुमार सिहाग, कृष्ण चंद्र फुल भाटी मौजूद रहे।

## नैनो उर्वरकों के उपयोग पर गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौपटा

गांव कागदाना में सहकारी संस्था इफको की ओर से नैनो उर्वरकों के उपयोग के लिए फसल विचार गोष्ठी की गई जिसमें किसान मजदूर परिवारों को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा मुख्यातिथि थे जबकि अध्यक्षता कृषि उपनिदेशक डॉ. सुखदेव कंबोज थे। वहीं विशिष्ट अतिथि संजीव कौशिक सहायक रजिस्टार, कोऑपरेटिव सोसायटी, सिरसा रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रहलाद सिंह गिल्लाखेड़ा ने कहा कि अधिक रासायनिक खादों के प्रयोग के कारण मृदा स्वास्थ्य पर काफी असर दिख रहा है और इसके लिए किसानों को अभी से सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि जैव उर्वरक सागरिका एवं नैनो यूरिया का प्रयोग करते हुए रसायनिक खादों की 50 फीसदी मात्रा कम की जा सकती है जिसके कारण मृदा स्वास्थ्य में सुधार एवं खर्च में कमी तथा उत्पादन में वृद्धि होगी। बहादुर सिंह, विपणन विभाग इफको चंडीगढ़ ने किसानों को इफको नैनो यूरिया तरल व विशिष्ट उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को यह बताया कि इफको के उत्पादों का इस्तेमाल करके वह अपनी खेती में लागत को कम कर सकते हैं। डॉ. सुखदेव कंबोज ने किसानों से कहा कि आग्रह करते हुए नैनो तरल यूरिया को एक बेहतरीन उत्पाद बताते हुए इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि संजीव कौशिक ने किसानों को सिरसा में चल रही कोऑपरेटिव की नई गतिविधियों एवं योजनाओं के बारे में बताया। मौके पर 300 जरुरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।




सिरसा। गांव कागदाना में विचार गोष्ठी को संबोधित करते मुख्यातिथि।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले पूल के सभी मुकाबले संपन्न



सिरसा। जननायक जनता पार्टी की ओर से पूरे जिलेभर में करवाई जा रही जननायक कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को भी अनेक रोचक मुकाबले हुए। कठोर ठंड के बावजूद खिलाड़ी जहां अपना दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं वहीं दर्शकों की काफी तादाद भी इन मैचों का आनंद ले रहे हैं। जेजेपी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि शुक्रवार को जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, युवा जेजेपी के जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह मटदादू व जगसीर सिंह मांगेआना सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने गांव मसीतां, माधोसिंघाना, खारियां व रिसालियाखेड़ा में जाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व युवा जेजेपी जिलाध्यक्ष रणदीप सिंह मटदादू ने संयुक्त रूप से कहा कि पार्टी के

## एमएम शिक्षण कॉलेज में 'जीवन कौशल' विषय पर व्याख्यान आयोजित

**फतेहाबाद।** एमएमए शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद में पूर्व छात्र संघ की ओर से 'जीवन कौशल' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्या वक्ता के रूप में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत महाविद्यालय की पूर्व छात्रा ललिता रानी ने भाग लिया। उन्होंने अपने इस व्याख्यान में महाविद्यालय के छात्रों को जीवन को सरल, सहज ढंग से जीने के तरीकों से अवगत करवाया, जिसमें उन्होंने समय प्रबंधन, चिंतन, स्वयं की देखभाल आदि विषयों पर विस्तार से बताया ताकि सभी विद्यार्थियों के नैतिक, मानसिक विकास में मदद मिल सके और वे अपने जीवन की चुनौतियों का सामना और समाधान कर स्वस्थ और संतुष्ट जीवन जी सकें। इस व्याख्यान का आयोजन पूर्व छात्रा संघ प्रभारी सहायक प्रोफेसर सुमनलता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड, बीएबीएड और डीएलएड के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

## एसडीएम ने किया नप, अग्रवाल व राम सेवा समिति धर्मशाला में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण



फतेहाबाद। रैन बसेरा में एक व्यक्ति को कंबल भेंट करते एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम के साथ नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, अनाज मंडी, पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही ठंड से प्रभावित लोगों को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कम्बल वितरित किए। इसके साथ ही एसडीएम ने नगर परिषद कार्यालय, अग्रवाल धर्मशाला व राम सेवा समिति धर्मशाला में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों व धर्मशाला के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नया बस स्टैंड पर उपस्थित कर्मचारियों को हिदायत दी कि यदि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति देर रात्रि को बस स्टैंड पर आता है और उसके पास कोई भी साधन नहीं है तो उसके लिए एक कमरा रैन बसेरे के लिए बनाया जाए और जो भी जरूरी बैड आदि की आवश्यकता है, उसके लिए नगरपरिषद अधिकारियों से मांग करके व्यवस्था कर सकते हैं। उन्होंने नये बस स्टैंड पर मिले एक व्यक्ति को कम्बल भेंट किया और नगरपरिषद् कर्मचारियों को निर्देश दिया कि इसे रैन बसेरा में ले जाकर ठहराएं, जिसकी पालना करते हुए कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही रैन बसेरा में ठहराया गया और उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें सरकारी हस्पताल में गुरदयाल भट्टी ने दाखिल करवाया।

इसके उपरांत एसडीएम ने अग्रवाल धर्मशाला व राम सेवा समिति धर्मशाला में उपस्थित प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि ठंड से बचाव हो सके।

RASAM PAGRI



With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023

Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)

In Grief

J.C. Gupta (Son) ETO (Retd.)
CA. Pawan K. Gupta (Son) S. P. Chopra & Co., Chartered Accountants, New Delhi
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son) Ajay Investments Centre, Sonipat
Pankaj Gupta (Grand Son) Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Gaurav Gupta (Grand Son) Mateshwari Drugs and
Rajnish Gupta (Grand Son) General Store, Sonipat, Haryana

Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana